Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | रविवार, 27 सितंबर, 2026, साल-2, अंक-63, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

2027 में आखिरी वर्ल्ड कप खेलूंगा : कोहली

ट्रॉफी के लिए सबकुछ दांव पर लगा दूंगा

नई दिल्ली, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 2027 वनडे विश्व कप को लेकर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। कोहली ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में होने वाला 2027 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप भारत के लिए उनका आखिरी वनडे विश्व कप होगा और वह खिताब जीतने के लिए जो कुछ भी करना पड़ेगा, उसके लिए बिल्कुल तैयार हैं।

भारत के दो दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिर्फ एक ही प्रारूप खेल रहे हैं। दोनों की नजरें 2027 विश्व कप पर हैं और रविवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले नए घरेलू सत्र के साथ विश्व कप की तैयारियों का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा।

पहले वनडे से पहले जियोस्टार से बातचीत में कोहली ने 50 ओवर के विश्व कप की चुनौती और अपनी प्रेरणा के बारे में बात की। कोहली ने कहा, '50 ओवर के विश्व कप की तीव्रता किसी भी चीज से ज्यादा होती है। अब यह 10 मैचों में टी20 स्तर की तीव्रता जैसा है। लेकिन आप एक दिन में ढाई टी20 मैच खेल रहे होते हैं। एक बड़े टूर्नामेंट और विश्व कप के 10 मैचों तक उस तीव्रता को बनाए रखना बड़ी बात है। साथ ही अब यह विदेशी परिस्थितियों में है। यह आपसे बहुत कुछ ले लेता है।'

उन्होंने आगे कहा, 'मेरे लिए यह भारत के लिए आखिरी विश्व कप है जो मैं खेलने वाला हूं। यही मेरी प्रेरणा है। मैं अपना सब कुछ मैदान पर छोड़ देना चाहता हूं। जाहिर तौर पर लक्ष्य विश्व कप जीतना है और इसे जीतने के लिए जो कुछ भी करना पड़ेगा, मैं उसके लिए बिल्कुल तैयार हूं।'



विश्व कप में शानदार है कोहली का रिकॉर्ड

विराट कोहली विश्व कप इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों में शामिल हैं। उन्होंने वनडे विश्व कप में अब तक 37 मैच खेले हैं, जिसमें 59.83 की औसत से 1,795 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम 5 शतक और 12 अर्धशतक हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 117 रन है।

अपने पूरे वनडे करियर में कोहली ने 302 पारियों में 14,941 रन बनाए हैं। उनका बल्लेबाजी औसत 58.59 है और उनके नाम 54 शतक और 79 अर्धशतक दर्ज हैं। वनडे में उनका सर्वोच्च स्कोर 183 रन है, जबकि स्ट्राइक रेट 93.95 रहा है।

टी20 विश्व कप में भी कोहली का रिकॉर्ड शानदार है। उन्होंने 35 मैचों में 58.73 की औसत से 1,292 रन बनाए हैं। उनके नाम 15 अर्धशतक हैं, जो इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा हैं। कोहली 2014 और 2016 में दो बार टी20 विश्व कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी रह चुके हैं।





भारतीय महिला और पुरुष कबड्डी टीम ने ईरान को हराकर जीते स्वर्ण पदक

महिला कबड्डी टीम : फाइनल में ईरान को 37-34 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया; भारत ने पूरे टूर्नामेंट में अपना विजयी सफर जारी रखा

नागोया, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शनिवार को ईरान को 37-34 से हराकर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीत लिया। भारतीय टीम ने फाइनल में शानदार खेल दिखाते हुए कड़े मुकाबले में ईरान को मात दी और खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला आइची-नागोया में आयोजित हुआ। भारतीय टीम के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण रही क्योंकि उसने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपना विजयी सफर जारी रखा। भारत ने ग्रुप चरण में बांग्लादेश, ईरान और जापान को हराया था। इसके बाद सेमीफाइनल में नेपाल को 48-24 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में भारत और ईरान के बीच शुरुआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली। दोनों टीमों ने लगातार अंक हासिल किए और मुकाबला अंत तक रोमांचक बना रहा। भारतीय महिला खिलाड़ियों ने दबाव के बावजूद अपने खेल में एकाग्रता बनाए रखी और अंत में 37-34 से जीत दर्ज कर ली।

पुरुष कबड्डी टीम : फाइनल में ईरान को 40-34 से हराकर नौवीं बार स्वर्ण पदक अपने नाम किया

नागोया, 26 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारत ने एशियाई खेल 2026 में कबड्डी का स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतने का सिलसिला जारी रखते हुए शनिवार को पुरुषों के फाइनल में ईरान को 40-34 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने एशियाई खेलों में अपना नौवां स्वर्ण पदक जीता। भारत ने 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों को छोड़कर हर बार पुरुष कबड्डी में स्वर्ण पदक हासिल किया है। 2018 में ईरान ने यह खिताब जीता था, जबकि भारत को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा था।

भारत ने अपने शानदार अभियान के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा। टीम ने ग्रुप चरण में जापान, चीनी ताइपे, बांग्लादेश और दक्षिण कोरिया को हराते हुए अजेय रहकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद सेमीफाइनल में थाईलैंड को 66-28 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

एशियाई खेल : जापान को 2-0 से हराकर एशियन गेम्स हॉकी के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

भारतीय टीम ने दर्ज की लगातार चौथी जीत

नई दिल्ली, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

एशियाई खेल 2026 के सातवें दिन भारतीय एथलीटों का शानदार प्रदर्शन जारी है। पूर्व चैंपियन भारत ने मेजबान जापान को 2-0 से हराकर एशियन गेम्स पुरुष हॉकी स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश हासिल कर लिया है।

भारत ने इससे पहले अपने शुरुआती तीन पूल मैचों में इंडोनेशिया को 13-1, श्रीलंका को 16-1 और दक्षिण कोरिया को 8-2 से करारी शिकस्त दी थी। जापान के खिलाफ मिली यह जीत टूर्नामेंट में भारत की लगातार चौथी जीत है जिससे टीम का विजयी अभियान जारी है। अब भारत अपना आखिरी पूल मैच 28 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। सावन बारवाल



के बाद अब भारत की महिला निशानेबाज टीम ने देश की झोली में एक और रजत पदक (सिल्वर मेडल) डाला है। तिलोत्तमा सेन, विदार्शा विनोद और आशी चौकसे की भारतीय तिकड़ी ने महिलाओं के 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम इवेंट में (शेष पेज 2 पर)



जापान में छाए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी, भारत को दिलाए 3 गोल्ड मेडल

चंडीगढ़, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

जापान में हो रहे एशियन गेम्स 2026 में भारत द्वारा अब तक जीते गए कुल चार स्वर्ण पदकों में से तीन स्वर्ण पदक अपने नाम करके चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के छात्र खिलाड़ियों ने इस महाद्वीपीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। पदकों की यह शानदार उपलब्धि 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम, महिला कबड्डी और पुरुष कबड्डी प्रतियोगिताओं में हुई है, जिससे एशिया के सबसे बड़े बहु-खेल आयोजनों में से एक में भारत के स्वर्णिम अभियान के केंद्र में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी रहे हैं। एशियन गेम्स 2026 में कबड्डी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के लिए स्वर्णिम मैदान साबित हुई। भारत की पुरुष और महिला कबड्डी टीमों में सीयू के चार खिलाड़ी शामिल रहे और दोनों टीमों ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की पुष्पा राणा की कप्तानी में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं पुरुष कबड्डी टीम के उप-कप्तान पवन सेहरावत के साथ सीयू के खिलाड़ी असलम इनामदार और आशु मलिक ने भारत के पुरुष अभियान को एक और स्वर्ण पदक तक पहुँचाया। इस तरह सीयू के ये चार खिलाड़ी आइची-नागोया एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की दोनों कबड्डी टीमों का हिस्सा रहे।

ए.एस.आई. जसवंत सिंह को गोली मारने वाला पुलिस मुठभेड़ में ढेर

- **19 साल के लड़के ने पुलिस अधिकारी को मारी थी गोली**

चेतनपुरा, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

ए.एस.आई. जसवंत सिंह पर गोली चलाने के मामले में वांछित करनबीर सिंह 19 साल का था। आईजी बॉर्डर रेंज गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि झंडेर पुलिस स्टेशन को सूचना मिली थी कि राजासांसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आते गांव झंजोटी का रहने वाला करनबीर सिंह इलाके में घूम रहा है और किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा है।

पुलिस के मुताबिक जब करन को मोटरसाइकिल पर आते देखकर रुकने का इशारा किया गया तो उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा 5 गोलियां चलाई



गईं, जिनमें से दो गोलियां करनबीर सिंह की टांग और छाती में लगीं। उसे सिविल अस्पताल अजनाला ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। करनबीर सिंह को पहले भी भल्ला गांव शुगर मिल के पास ए.एस.आई. जसवंत (शेष पेज 2 पर)

नागालैंड में जहरीली शराब पीने से 19 मौतें

- **मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित; पुलिस ने 19 लोगों को पकड़ा**

मोकोकचुंग, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

नागालैंड में जहरीली शराब पीने से 19 लोगों की मौत होने का मामला सामने आया है। राज्य में 1990 से शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद इस घटना ने सनसनी फैला दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले दो दिनों के दौरान संदिग्ध जहरीली शराब पीने से मोकोकचुंग जिले में 8 और तुएनसांग जिले में 11 लोगों की मौत हो चुकी है। मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए सैंपल फोरेंसिक जांच के लिए गुवाहाटी भेज दिए गए हैं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शराब की सप्लाई चेन और असली स्रोत का पता लगाने



के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आई. बुंगलेंग चांग के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वेसुप्रा केजो ने बताया कि पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, लेकिन अभी विवरण साझा करना बहुत जल्दबाजी होगी। (शेष पेज 2 पर)

अकाली दल समर्थक महिला सरपंच के पति की गोली मारकर हत्या

- **झबाल के पास गांव गग्गोबुआ में दो गुटों के बीच विवाद के बाद चलीं गोलियां**

तरन तारन, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

थाना झबाल के अंतर्गत आते गांव गग्गोबुआ की शिरोमणि अकाली दल समर्थक सरपंच कुलविंदर कौर के पति की बीती रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस संबंध में डीएसपी सिटी सुखबीर सिंह ने बताया कि गांव के दो गुटों के बीच बीती रात विवाद हो गया था, जिस पर गग्गोबुआ गांव के अड्डे पर सुनार (सर्राफ) की दुकान चलाने वाले सुरिंदर सिंह सोनू ने कुलविंदर कौर के पति नवदीप सिंह पर गोली चला दी। नवदीप सिंह को जैसे ही



अस्पताल में भर्ती कराने के लिए ले जाया जा रहा था, उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। डीएसपी ने बताया कि इस संबंध में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों में सुरिंदर सिंह उर्फ सोनू कांडा, निर्मल सिंह निम्मा और अर्शदीप सिंह का नाम शामिल है, जिनके खिलाफ बीएनएस की (शेष पेज 2 पर)

कांगो में विमान हादसा

दो वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों सहित 14 लोगों की मौत



किंशासा (कांगो), 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

कांगो में एक विमान हादसे में दो वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों सहित कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। सेना ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। हादसे में मारे गए वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की पहचान सैन्य अदालत के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मुतोंबो काताालाई तियेंदे और सशस्त्र बलों के 'ऑडिटर जनरल' लेफ्टिनेंट जनरल बाकुमी लिकुलिया के रूप में की गई है। कांगो सेना (शेष पेज 2 पर)

मुख्यमंत्री ने आज दोपहर 1 बजे चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर समिति की बैठक बुलाई

चंडीगढ़, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'द जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) एक्ट, 2026' संबंधी बनाई गई 7 सदस्यीय समिति की बैठक बुला ली है। यह बैठक 27 सितंबर दिन रविवार को दोपहर 1 बजे चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर होगी। मुख्यमंत्री बैठक के लिए श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह, दमदमी टकसाल के प्रमुख संत ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा, रामपुर खेड़ी के संत बाबा सेवा सिंह, पूर्व जस्टिस जसपाल सिंह, पूर्व जस्टिस गुरबीर सिंह, पूर्व आईपीएस अधिकारी व पीपीएससी के पूर्व चेयरमैन जतिंदर सिंह औलख और एडवोकेट प्रीत इंदर पॉल सिंह शामिल होंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री ने सातों सदस्यों को लिखित रूप से (शेष पेज 2 पर)



एस.आई.आर. के सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए : चुनाव आयोग

सुप्रीम कोर्ट ने फॉर्म 6 में बदलाव को बरकरार रखा

नई दिल्ली, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

चुनाव आयोग ने शनिवार को दावा किया कि एस.आई.आर. (विशेष गहन पुनरीक्षण) के सभी आदेश तीनों चुनाव आयुक्तों की मंजूरी के बाद जारी किए गए थे और फॉर्म 6 में बदलाव, जिसके जरिए मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाते हैं, को सुप्रीम कोर्ट द्वारा बरकरार रखा गया है।

दो चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के बीच मतभेदों को लेकर चल रहे विवाद के बीच, चुनाव आयोग ने एक बयान में



कहा कि दो आयुक्तों-सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी-द्वारा कैबिनेट सचिव को भेजे गए पत्र आयोग के किसी भी नीतिगत मामले या इसके आईटी विभाग से संबंधित नहीं थे, बल्कि चुनाव पैनल में प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) पर काम कर रहे एक अधिकारी के कामकाज के बारे में थे। चुनाव आयोग ने पूरे आयोग की मंजूरी से जारी बयान में कहा कि संबंधित अधिकारी द्वारा जारी किए गए काम के पुनर्वितरण के आदेशों को दो आयुक्तों के आदेशों के बाद वास्तव में लागू नहीं किया गया था और उप चुनाव आयुक्त द्वारा आईटी विभाग की देखरेख को कभी भी वास्तव में वापस नहीं लिया गया था। चुनाव आयोग ने (शेष पेज 2 पर)

20 किलो हेरोइन के साथ 2 नशा तस्कर गिरफ्तार

फिरोजपुर, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के जरिए ड्रोन से हेरोइन तस्करी की कोशिश को बीएसएफ और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स फिरोजपुर रेंज ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान नाकाम कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए ऑपरेशन में टीम ने 2 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हेरोइन के 20 पैकेट बरामद हुए हैं, जिनका कुल वजन लगभग 20 किलो बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिली थी कि सीमा पार से ड्रोन के जरिए हेरोइन की बड़ी खेप भारत भेजी जा सकती है। सूचना के आधार पर बीएसएफ और एएनटीएफ फिरोजपुर रेंज की टीम ने संयुक्त रूप से इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। (शेष पेज 2 पर)



उपायुक्त ने अंदरौली में गोविंद सागर झील क्षेत्र का किया निरीक्षण, पर्यटन विकास को लेकर दिए दिशा- निर्देश

ऊना, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अंदरौली में पर्यटन और वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के विस्तार की संभावनाओं को धरातल पर आगे बढ़ाने के लिए उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने शनिवार को गोविंद सागर झील क्षेत्र का साइट निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं, प्रस्तावित गतिविधियों और आवश्यक अधोसंरचना का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने एशियन विकास बैंक तथा टूरिज्म बोर्ड के अधिकारियों के साथ क्षेत्र में पर्यटन और वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को विकसित करने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण अंदरौली क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा आवश्यक अधोसंरचना एवं सुविधाओं के विकास के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए।

उपायुक्त ने बताया कि अंदरौली में वाटर स्पोर्ट्स एवं अन्य स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए केटीडीएस द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों के विकसित होने से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में पैरामोटरिंग साइट चिह्नित करने के भी निर्देश दिए, ताकि साहसिक पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा दिया जा सके और पर्यटकों के लिए नई गतिविधियां विकसित की जा सकें।

इसके उपरांत उपायुक्त ने अंदरौली में स्थापित एथनोबोटैनिकल पार्क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में रिपेयर एवं रखरखाव सहित अन्य आवश्यक कार्यों को करने के लिए डीएफओ ऊना को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्क को बेहतर स्वरूप प्रदान करने से क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के साथ-साथ स्थानीय जैव विविधता एवं पारंपरिक वनस्पतियों से भी पर्यटकों को परिचित करवाने में मदद मिलेगी। उपायुक्त ने कहा कि अंदरौली क्षेत्र में पर्यटन, वाटर स्पोर्ट्स, साहसिक गतिविधियों और प्राकृतिक आकर्षणों को एक साथ विकसित कर इसे पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए क्षेत्र के समग्र पर्यटन विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ विकल्प यादव, जिला पर्यटन अधिकारी रवि धीमान, तहसीलदार अमित कुमार, बीडीओ के.एल. वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

ताऊ देवी लाल के संघर्ष और सिद्धांत आज भी प्रेरणादायक : वक्ता

चंडीगढ़, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

जननायक ताऊ देवी लाल की 113वीं जयंती के उपलक्ष्य में ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर वक्ता ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि ताऊ देवी लाल का जीवन स्वतंत्रता संग्राम, किसानों और मजदूरों के हितों के लिए संघर्ष तथा सिद्धांतों पर अडिग रहने की मिसाल है।

उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर 1914 को जन्मे देवी लाल ने मात्र 16 वर्ष की आयु में गांधी जी के सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लेने के लिए अपनी स्कूली शिक्षा छोड़ दी थी। उन्हें लाहौर की बोर्स्टल जेल में सजा हुई और मार्च 1931 में गांधी-इरविन समझौते के बाद रिहा किया गया।

उन्होंने अपने दादा स्वतंत्रता सेनानी शहीद चौधरी रणजीत सिंह वैद्य के साथ ताऊ देवी लाल के पुराने संबंधों का स्मरण करते हुए बताया कि दोनों हिसार जिले के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। ताऊ देवी लाल कई बार उनके गांव में अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के साथ आते और अंग्रेजों से बचने के लिए उनके परदादा के बाग में छिपते थे।

उन्होंने बताया कि 1990-92 में ताऊ देवी लाल के उपप्रधानमंत्री रहते वह अपने बड़े भाई के साथ दिल्ली स्थित उनके आवास पर मिले थे। दादा का परिचय देने पर ताऊ देवी लाल ने उनसे आत्मीयता से मुलाकात की और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े कई प्रसंग साझा किए।

वक्ता ने जनवरी 1986 के रास्ता रोको आंदोलन को भी याद किया। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एमएससी करते समय उन्होंने साथियों के साथ आंदोलन में भाग लिया और जम्मू-दिल्ली मार्ग को कई घंटे तक बंद रखा। बाद में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर पीपली थाने ले जाया गया। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन का राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव पड़ा और चंडीगढ़ को पंजाब को हस्तांतरित करने का निर्णय रद्द करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि ताऊ देवी लाल संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटे और सर्वोच्च राजनीतिक पदों तक पहुंचने के बावजूद सत्ता के प्रति मोह नहीं रखा। उन्होंने माता सुगना देवी और पिता लेख राम को भी नमन किया, जिन्होंने ताऊ देवी लाल जैसे महान व्यक्तित्व को संस्कार दिए। अंत में उन्होंने कार्यक्रम में विचार रखने के लिए भाई ओमप्रकाश सिहाग का आभार जताया।


सेवा संकल्प अभियान को जनभागीदारी से बनाएं और अधिक प्रभावी : सी.जी. रजनीकांथन

अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों और आगामी गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
26 सितंबर (प्रवीण वालिया)

लघु सचिवालय स्थित सभागार में हरियाणा वित्त विभाग के सचिव सी. जी. रजनीकांथन ने सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से अभियान के तहत अब तक आयोजित गतिविधियों की जानकारी ली तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री रजनीकांथन ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के लिए जनभागीदारी को निरंतर बढ़ाया जाए और हर कार्यक्रम का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया जाना चाहिए।

बैठक में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अभियान के तहत जिले में आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि आशीर्वाद का दीया, मेरे सपनों का भारत चित्र सेवा, आंगन मिलन सेवा, सेवा ज्योति कलश यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, अनकही कहानियाँ नुक्कड़ नाटक तथा सेवा राष्ट्र रंगोली सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी कार्यक्रमों की तैयारियां भी जारी हैं।



उपायुक्त ने बताया कि 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत जिले में करीब छह लाख दीये जलाए गए। इसी प्रकार जिला के सभी स्कूलों में ब्लॉक एवं जिला स्तर पर 'मेरे सपनों का भारत' चित्र सेवा एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि जिले में 30 नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया है। इन नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी विषयों के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि 'सेवा मेरा योगदान' के तहत निरंतर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि 'सेवा सेतु अभियान' के तहत पात्र लाभार्थियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सेवा सेतु कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया को भी सुगम बनाया जा रहा है।

उपायुक्त ने बताया कि 'आँगन मिलन सेवा' के तहत भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के विभिन्न वर्गों को सेवा कार्यों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा अभियान के तहत की गई गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी दी। श्री सी. जी. रजनीकान्तन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी कार्यक्रमों का बेहतर समन्वय सुनिश्चित करते हुए उन्हें प्रभावी ढंग से आयोजित किया जाए और अधिक से अधिक नागरिकों को इनसे जोड़ा जाए। बैठक में करनाल के एसडीएम देवेंद्र शर्मा, असंध के सुमित सिहाग, इंद्री के रमन गुप्ता, सीईओ जिला परिषद अमित खोखर, डीडीपीओ कंचन लता, पीओ आईसीडीएस राजबाला मौर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रईस बनने के चक्कर में सलाखों के पीछे पहुंचे तस्कर

244.04 ग्राम स्मैक/हेरोइन, .315 बोर अवैध देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
26 सितंबर (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा पुलिस अधीक्षक करन गोयल आईपीएस के दिशा-निर्देशानुसार अपराध व नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल तथा सीआईए-1 की टीमों ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीमों ने आरोपियों के कब्जे से कुल 244.04 ग्राम स्मैक/हेरोइन, एक .315 बोर का अवैध देसी पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पहला मामला (एंटी नारकोटिक्स सेल, करनाल): एंटी नारकोटिक्स सेल करनाल की टीम ने प्रभारी उप निरीक्षक राजन के मार्गदर्शन में टीम ने गश्त के दौरान आरोपी जतिन समरा उर्फ मिठू पुत्र मदन लाल, निवासी वार्ड नंबर 10, वाल्मीकि मोहल्ला, घरौंडा, जिला करनाल को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 63.04 ग्राम स्मैक/हेरोइन बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह जल्दी अमीर बनने और अपने निजी शौक पूरे करने के लिए स्मैक/हेरोइन की तस्करी व बिक्री का काम करता था। आरोपी के खिलाफ थाना घरौड़ा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि सप्लायर नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

दूसरा मामला (सीआईए-1, करनाल): सीआईए-1 करनाल की टीम ने प्रभारी निरीक्षक संदीप के मार्गदर्शन में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए खिजराबाद चौक, असंध से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान संटी पुत्र बलजीत सिंह तथा दलेर पुत्र जय प्रकाश, दोनों निवासी वार्ड नंबर 1, असंध के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी संटी के कब्जे से 181 ग्राम हेरोइन तथा आरोपी दलेर के कब्जे से एक .315 बोर का अवैध पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। दोनों मामलों में पकड़े गए आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है। पुलिस द्वारा इस अवैध तस्करी के नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने तथा इसमें शामिल अन्य सप्लायरों व खरीदारों के संबंध में आगे की तफ्तीश जारी है। जिला पुलिस करनाल आमजन से अपील करती है कि समाज को नशा व अपराध मुक्त बनाने के लिए यदि कहीं भी नशीले पदार्थों या अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त की सूचना मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पहचान पूर्णत: गुप्त रखी जाएगी।

सीनियर सिटीजनों को सेहत और योगा संबंधी जानकारी दी

एस.ए.एस. नगर, 25 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अनुभवी ग्रुप मोहाली द्वारा गऊ अस्पताल, फेज-1, मोहाली में सीनियर सिटीजनों के लिए एक सेहत देखभाल कैंप आयोजित किया गया।

इस मौके पर योगा ट्रेनर श्री के. के. सैनी, उप सचिव (सेवा मुक्त), पंजाब स्टेट रेड क्रॉस सोसायटी, चंडीगढ़ ने सीनियर सिटीजनों को योगा कसरतों और प्राणायाम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बढ़ती उम्र में नियमित योगा, प्राणायाम, संतुलित खुराक और सेहतमंद जीवन-शैली के महत्व के बारे में भी बताया।

इस मौके पर मौसमी बुखार, फ्लू और गले की खराबी से बचाव संबंधी भी जानकारी साझा की गई। श्री के. के. सैनी ने कुछ आयुर्वेदिक और औषधीय पौधों जैसे नीम, तुलसी, अजवाइन, गिलोय, पेपरमिंट और हरसिंगार आदि के पारंपरिक उपयोगों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी बुखार या फ्लू की स्थिति में सही डॉक्टरी सलाह लेनी चाहिए और घरेलू या आयुर्वेदिक नुस्खों का उपयोग डॉक्टरी इलाज का बदल नहीं है। इस मौके पर अनुभवी ग्रुप के मेंबर राजकुमार बंसल, अनूप शर्मा, महिंदर गोयल, राजकुमार गुप्ता, तरसेम लाल गर्ग, एस.पी. जैन, केवल कृष्ण महाजन, मग्गू, एस.सी. वोहरा, सुरिंदर कुमार, दलजीत सिंह, गोपाल कृष्ण, सुरिंदर नाथ, सुभाष चंद्र, उमाकांत तिवारी, सुदर्शन देव, मेहर चंद, राम कुमार आदि हाजिर थे।

घरौंडा में जनसुनवाई कार्यक्रम : कल्याण ने सुनीं चार घंटे से अधिक समय तक लोगों की समस्याएं

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
26 सितंबर (प्रवीण वालिया)

घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आज जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने की। श्री कल्याण ने चार घंटे से अधिक समय तक क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए।



विधानसभा अध्यक्ष ने आज साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में सुबह 11 बजे से दोपहर करीब 3 बजे तक क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। इनमें से कुछ सामूहिक और कुछ व्यक्तिगत थीं। बड़ी संख्या में लोग समस्याओं व मांगों को लेकर सुबह दस बजे ही रेस्ट हाउस में पहुंच गए थे। विधानसभा अध्यक्ष ने करीब एक घंटा धूप में खड़े-खड़े ही लोगों की समस्याओं को सुना। उसके बाद एक-एक कर रेस्ट हाउस पहुंचे सभी लोग विधानसभा अध्यक्ष से मिले। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अविलंब समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान दहा के लोगों ने आर्य समाज भवन में हॉल का निर्माण कराने, प्रेम नगर के लोगों ने गलियां व सामुदायिक केंद्र बनवाने, कुंडा कलां वासियों ने कश्यप चौपाल का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की। इसी प्रकार हरिसिंहपुरा बैरागी चौपाल, अनोखा कालोनी में कच्ची गलियों को पक्का कराने, शेखपुरा जागीर में अंबेडकर भवन और खेत का रास्ता पक्का कराने, घोघड़ीपुर में पुस्तकालय का निर्माण कराने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई। इसके अलावा मुंडी गढ़ी से बलहेड़ा, गगसीना से फुरलक तक की सड़क का कार्य पूरा कराने और गांव कोहंड में सामुदायिक केंद्र का कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की।

इस मौके पर एसडीएम अनुभव मेहता, तहसीलदार अरविंद्र यादव, पंचायत एवं विकास विभाग के कार्यकारी अभियंता नारायण दत्त, मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजकुमार पालीवाल, नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा, एक्सईएन विद्युत निगम राजीव ढिल्लों, बीडीपीओ सोमवीर खटकड़, पूर्व चेयरपर्सन निर्मल बैरागी, भाजपा के जिला महासचिव सुभाष कश्यप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पेज एक का शेष

एशियाई खेल : जापान...

शानदार प्रदर्शन करते हुए यह सफलता हासिल की। इसके साथ ही भारत की दो प्रमुख निशानेबाजों ने व्यक्तिगत फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। प्रतियोगिता के दौरान भारतीय टीम ने कुल 1763 अंक हासिल कर पोडियम पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस कड़े मुकाबले में चीन की टीम ने 1773 अंकों के नए गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि कजाकिस्तान की टीम 1754 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक तक ही सीमित रही।

ए.एस.आई. जसवंत...

सिंह से जुड़ी गोलीबारी की घटना में राजासांसी थाने में दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि वह कुछ दिन पहले मजीठा इलाके में हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाए जाते समय पुलिस हिरासत से फरार हो गया था, जिसके संबंध में मजीठा पुलिस स्टेशन में एक अलग प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके अलावा, पुलिस के मुताबिक करनबीर सिंह को 2025 में घरिंडा पुलिस स्टेशन में दर्ज एक प्राथमिकी में भी नामजद किया गया था, जिस समय उसे नाबालिग के रूप में पेश किया गया था और बाद में जमानत मिल गई थी।

पुलिस ने दावा किया है कि मौके से एक ग्लॉक 9-एमएम पिस्तौल, एक 30-बोर का पिस्तौल और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आईजी भुल्लर ने कहा कि घटना के पूरे क्रम को समझने और अन्य आपराधिक गतिविधियों में उसकी संलिप्तता का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

नागालैंड में जहरीली...

इस मामले में अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और लगभग 3,000 शराब की बोतलें बरामद की गई हैं।

अकाली दल समर्थक...

धारा 103 और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27, 54, 59 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। डीएसपी सुखबीर सिंह ने बताया कि थाना झबाल के एसएचओ सब-इंस्पेक्टर जुगराज सिंह को आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश जारी किए गए हैं। डीएसपी ने दावा किया कि इस मामले में किसी प्रकार की राजनीति या फिर गैंगस्टरवाद का हाथ नहीं है।

दो वरिष्ठ सैन्य...

के प्रवक्ता मेजर जनरल एफोमी एकेंगे ने बताया कि इन दोनों अधिकारियों के अलावा, 12 अन्य लोग-जिन्हें क्रू मेंबर्स भी शामिल थे-हादसे में मारे गए।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, विमान दक्षिण-पश्चिम शहर किकवित से राजधानी किंशासा वापस लौट रहा था, तभी इसमें तकनीकी खराबी आ गई और यह केंगे में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई। एकेंगे ने कहा कि हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सिविल एविएशन अथॉरिटी) के बोर्ड के अध्यक्ष ट्रिफोन किन-की मुलुम्बा ने कहा कि हादसे के कारणों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। पिछले साल से, कांगो की सेना देश के पूर्वी क्षेत्र में कई विद्रोही समूहों से लड़ रही है, जिनमें रवांडा समर्थित रू23 विद्रोही समूह भी शामिल है।

मुख्यमंत्री ने आज...

पत्र भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ने 'द जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) एक्ट, 2026' पर कुछ आपत्तियां जताई थीं और पूरी विधानसभा को तलब किया गया था। इसके बाद राज्य सरकार ने एक्ट में संशोधन करने के लिए 7 सदस्यीय समिति का गठन किया था, जिसके द्वारा संशोधन एक्ट में किए जाने वाले संशोधनों के बारे में अपनी राय दी जाएगी।

एस.आई.आर. के...

कहा कि हाल के महीनों में, उसने देशभर में एस.आई.आर. सहित कई फैसले लिए हैं। बिहार से शुरुआत करके, उसके बाद पश्चिम बंगाल और 30 अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में, सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 24 जून 2025 को जारी किया गया एस.आई.आर. का आदेश आयोग की सर्वसम्मति से मंजूरी के साथ जारी किया गया था। इसमें कहा गया कि इसे भारत के सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने 27 मई 2026 के आदेश के जरिए बरकरार रखा गया है। 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए SIR की समय-सारणी 27 अक्टूबर 2025 को जारी की गई थी और 19 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 14 मई 2026 को चुनाव आयोग की सर्वसम्मति से मंजूरी के साथ जारी की गई थी। मतदाताओं की संख्या का अंतिम आंकड़ा फेज-III के बाकी 12 राज्यों में अंतिम प्रकाशन के बाद ही पता चलेगा।

बयान में कहा गया, 'एस.आई.आर. के लिए फॉर्म 6 से जुड़ी घोषणा को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है। गैर-एस.आई.आर. अवधि के लिए, नियमों (मतदाता पंजीकरण नियम 1960) के अनुसार लागू होने वाले फॉर्म इस्तेमाल किए जाएंगे।' इसमें कहा गया है कि चुनाव आयोग की हर बैठक के लिए एजेंडा पहले ही सर्कुलेट किया जाएगा और मिनट्स जारी किए जाएंगे। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि आयुक्तों द्वारा चुनावी निकाय के अधिकारियों को जारी की गई सभी हिदायतों का पूरी तरह से पालन किया जाएगा।

'द इंडियन एक्सप्रेस' द्वारा यह खबर देने के बाद चुनाव आयोग का यह दूसरा बयान है। चुनावी निकाय ने इस मामले पर अपना पहला बयान उसी दिन जारी किया था जिस दिन अखबार ने चुनाव आयोग के आंतरिक मामलों की रिपोर्ट दी थी। चुनाव पैनल ने यह भी कहा कि गोवा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित बीएलओ को निर्देश दिए हैं कि वे छूटे हुए मतदाताओं के फॉर्म एकत्र करने के लिए घर-घर जाएं। इसने कहा कि 97 में से 81 मतदाता पहले ही नाम शामिल करने के लिए फॉर्म 6 भर चुके हैं। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि SIR में नोटिस प्राप्त करने वाले लोगों को अपवाद वाले मामलों को छोड़कर व्यक्तिगत रूप से सुनवाई के लिए जाने की आवश्यकता नहीं है। चुनाव आयोग ने कहा है कि विभिन्न विचार और टिप्पणियां संस्थागत विचार-विमर्श का एक सामान्य हिस्सा हैं और दावा किया कि इसके आदेशों को पूरी कानूनी मंजूरी प्राप्त है और ये कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हैं।

20 किलो हेरोइन...

ऑपरेशन के दौरान टीम ने दो संदिग्ध नशा तस्करों को काबू किया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 20 पैकेट बरामद किए गए। इनमें हेरोइन होने की बात सामने आई है। सभी पैकेटों का कुल वजन लगभग 20 किलो बताया जा रहा है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तप, संयम और आत्म-अनुशासन ही मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

- **पंजाब के होशियारपुर में बाबा श्री चंद जी महाराज के 532वें प्रकाश पर्व और सर्वधर्म सम्मेलन में शामिल हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री**
- **मुख्यमंत्री ने युवाओं से बाबा श्री चंद जी महाराज के जीवन से आत्म-अनुशासन और गुरु साहिबान से सेवा की प्रेरणा लेने का किया आह्वान**

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तप, संयम और आत्म-अनुशासन ही मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। असली विजय किसी दूसरे को हराने में नहीं, बल्कि अपने भीतर के क्रोध, लोभ, अहंकार और नफरत पर विजय पाने में है।

मुख्यमंत्री शनिवार को पंजाब के होशियारपुर में प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव जी के बड़े साहिबजादे बाबा श्री चंद जी महाराज के 532वें प्रकाश पर्व और पूर्णमासी के पावन अवसर पर आयोजित 'सर्वधर्म सम्मेलन' को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।



कार्यक्रम में पधारे संतों और धर्माचार्यों का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग-अलग धर्मों की उपासना पद्धतियां, प्रार्थना के तरीके, वेशभूषा और भाषाएं भले ही भिन्न हो सकती हैं, लेकिन सबकी मंजिल एक ही है। मनुष्य के भीतर प्रेम जगाना, अहंकार को मिटाना, दुखी की सेवा करना और परमात्मा से जुड़ना है। यह सर्वधर्म सम्मेलन पंजाब की उस महान संस्कृति का जीवंत संदेश है जो दिलों को जोड़ती है और मानवता को सर्वोपरि रखती है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बाबा श्री चंद जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1494 में जन्मे बाबा श्री चंद जी का जीवन वैराग्य, तप और साधना की अद्भुत मिसाल है। संतों ने कठिन दौर में धार्मिक स्थलों की सेवा-संभाल करने के साथ-साथ श्री गुरु नानक देव जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में अमूल्य योगदान दिया।

मुख्यमंत्री ने श्री गुरु नानक देव जी की 16वीं पीढ़ी के वंशज और कार्यक्रम के आयोजक श्रद्धेय बाबा सुखदेव सिंह बेदी जी का धन्यवाद व्यक्त किया, जिन्होंने इस पावन प्रकाश पर्व को सर्वधर्म सम्मेलन से जोड़कर सर्व-समाज को एक मंच पर लाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा और पंजाब केवल भौगोलिक रूप से ही पास नहीं हैं, बल्कि दोनों प्रदेशों की सभ्यता, संस्कृति और संतों की विरासत भी साझी है। हरियाणा की पावन धरती पर कुरुक्षेत्र, पिहोवा, कैथल, जींद, सिरसा और अंबाला जैसे अनेक स्थलों पर गुरु परंपरा और उदासी संतों की पावन स्मृतियां आज भी जीवंत हैं। पंजाब की धरा पर उन्हें सदैव अपनेपन और भाईचारे का अनुभव होता है।

मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त की कि आज नशा, हिंसा, तनाव और भटकाव युवा शक्ति को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा श्री चंद जी महाराज से आत्म-अनुशासन, श्री गुरु नानक देव जी से सेवा और गुरु परंपरा से साहस सीखकर अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल, रोजगार, उद्यम और राष्ट्र निर्माण में लगाएं। गुरबाणी के संदेश 'पवन गुरु, पानी पिता, माता धरत महत' का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने धार्मिक आयोजनों को स्वच्छता, जल-संरक्षण और वृक्षारोपण से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रकाश पर्व के अवसर पर पौधा लगाना, किसी जरूरतमंद की सहायता करना और युवा को नशामुक्त बनाना ही बाबा श्री चंद जी के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

मात-पिता गोधाम महातीर्थ में कनेक्टिंग सोसाइटी कार्यक्रम में 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया

मोहाली, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मात-पिता के सम्मान एवं गौ सेवा के संदेश को समर्पित कनेक्टिंग सोसाइटी कार्यक्रम का आयोजन मात-पिता गोधाम महातीर्थ में शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में बेबी कॉन्वेंट स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं व लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

समारोह में सर्वप्रथम विद्यार्थियों व शिक्षकों का मात-पिता गोधाम महातीर्थ के सेवकों व ब्रह्मानंद जी महाराज ने तिलक लगाकर स्वागत किया। बच्चों ने अपने हाथों से गौ माता को रोटियां खिलाई व गौ माता के महत्व को जानते हुए निर्माणाधीन मात-पिता मंदिर के दर्शन कर अपने-अपने मात पिता के समर्पण को याद किया। लगभग सभी बच्चों ने स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें कक्षा 7 की छात्रा बानी ने प्रथम, कक्षा 8 की छात्रा एकमजोत ने द्वितीय व कक्षा 7 की छात्रा संध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 8 के छात्र रेहान शूल ने गीत गाकर अपनी प्रतिभा दिखाकर ईनाम जीता तथा कक्षा 7 की छात्राएं सहजप्रीत कौर, बानी, हरगुनप्रीत कौर, संध्या व कशिश ने माता-पिता के लिए सामूहिक व भावुक करने वाला अतिमोहक गीत गाकर ईनाम जीता।





कार्यक्रम में सभी विजेताओं को मात-पिता गोधाम महातीर्थ के संस्थापक गौचरदास ज्ञानचंद वालिया द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा सभी उपस्थित शिक्षक व शिक्षिकाओं को इस विचारधारा से जुड़ने तथा जागरूकता दिखाने के लिए भी सम्मानित किया गया।

वालिया के द्वारा सभी बच्चों को माता-पिता ही हमारे भगवान हैं तथा गौ माता में ही सभी देवी देवताओं का वास है समझाते हुए मात पिता के जयकारे लगवाए जिसे बच्चों ने जीवन के एक अध्याय की तरह बहुत ही सहजता से समझा व जीवन में इस विचार को उतारने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों को रिफ्रेशमेंट का वितरण भी किया गया। मात-पिता गोधाम महातीर्थ में समाज को जोड़े रखने, एकता भाव, सद्भाव, भाईचारा बढ़ाने व जात पात का भेद मिटाने हेतु समय-समय पर सांस्कृतिक व सामाजिक कार्य निरंतर आयोजित किए जाते हैं। गौचर दास ज्ञान, ट्रस्टी गण एवं कार्यकारिणी सदस्य संस्था के मूल उद्देश्य 'हर घर में मां-बाप का सत्कार और गौ माता से प्यार' के संदेश को समाज तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मात-पिता गोधाम महातीर्थ में निर्माणाधीन विश्व के प्रथम मात-पिता मंदिर के माध्यम से भी लोगों को अपने माता-पिता में भगवान का स्वरूप देखने और उनका सम्मान करने का संदेश दिया जा रहा है।

फ्री-स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
26 सितंबर (प्रवीण वालिया)

- **हरियाणा पुलिस परिसर, मधुबन में आयोजित 75वें अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर 2026-27 के तीसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन**



पुरुष फ्री-स्टाइल कुश्ती के 92 किलोग्राम भार वर्ग में सीआईएसएफ के तरुण कुमार ने बीएसएफ के विनय को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, 57 किलोग्राम भार वर्ग में सीआईएसएफ के मनोज पाल और कर्नाटक पुलिस के प्रशांत के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। महिला कुश्ती प्रतियोगिता के 62 किलोग्राम भार वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस की पुष्पा यादव ने एसएसबी की एन. चानू को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी प्रकार, 57 किलोग्राम भार वर्ग में बीएसएफ की मंजू ने एसएसबी की नीतू को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

बॉक्सिंग में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

महिला बॉक्सिंग के 51-54 किलोग्राम भार वर्ग में बीएसएफ की लक्ष्मी ने महाराष्ट्र की पूजा राजन को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। इसी प्रकार, 54-57 किलोग्राम भार वर्ग में असम की निशा दास ने मेघालय की पेंजनाई को हराकर अगले दौर में जगह बनाई। पुरुष बॉक्सिंग के 55-60 किलोग्राम भार वर्ग में एसएलबी के हर्षदीप ने पंजाब पुलिस के पंकज सैनी को पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। वहीं, 50-55 किलोग्राम भार वर्ग में सीआईएसएफ के जितेंद्र चौधरी ने बीएसएफ के ललित को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

आर्म-रेसलिंग में खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

आर्म-रेसलिंग प्रतियोगिता के 90 किलोग्राम भार वर्ग में मेघालय पुलिस के एलन सुन ने पंजाब पुलिस के गुरलाल सिंह को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, 110 किलोग्राम भार वर्ग में पंजाब पुलिस के सुखदर्शन पाल ने तमिलनाडु पुलिस के अजय को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस भार वर्ग में हरियाणा पुलिस के वीपन ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला आर्म-रेसलिंग के 90 किलोग्राम भार वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस की दीपा ने तमिलनाडु पुलिस की वी. सोम्या को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

बॉडीबिल्डिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार शारीरिक दमखम

पुरुष बॉडीबिल्डिंग के 70 किलोग्राम भार वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस के मोहित कुमार ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसी वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस के अमित पंवार ने रजत पदक तथा उत्तराखंड पुलिस के जितेंद्र कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के 60 किलोग्राम भार वर्ग में असम पुलिस की रिंकू मोनी ने स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र पुलिस की सुनैना डोंगरे ने रजत पदक तथा महाराष्ट्र पुलिस की स्नेहा ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

अधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

प्रतियोगिता के दौरान खेल परिसर में खिलाड़ियों का उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। विभिन्न खेलों के रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और पूरे परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। इस अवसर पर श्री हामिद अख्तर, भा.पु.से., महानिरीक्षक एवं सह आयोजन सचिव, श्री सुरेन्द्र सिंह भौरिया, भा.पु.से., आदेशक, पंचम वाहिनी, हरियाणा सशस्त्र पुलिस, मधुबन; श्रीमती भारती डबास, ह.पु.से., आदेशक, चतुर्थ वाहिनी, हरियाणा सशस्त्र पुलिस, मधुबन; उप पुलिस अधीक्षक शमशेर सिंह, चतुर्थ वाहिनी; उप पुलिस अधीक्षक जसवंत सिंह, चतुर्थ वाहिनी; उप पुलिस अधीक्षक हरप्रीत सिंह, पंचम वाहिनी, सहित अन्य राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे।

एसडीएम ने रत्ताखेड़ा गांव में पीएम श्री स्कूल व मिड-डे मील व्यवस्था का किया निरीक्षण

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया
26 सितंबर(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाजरी रजिस्टर, विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, कक्षाओं, स्वच्छता, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

एसडीएम ने विद्यालय में विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए जा रहे मिड-डे मील की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, भोजन तैयार करने की प्रक्रिया तथा विद्यार्थियों को भोजन परोसने की व्यवस्था का जायजा लिया। संबंधित स्टाफ को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई से संबंधित बातचीत की और उन्हें नियमित रूप से मेहनत करने तथा अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया।



उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की शिक्षा एवं सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के तहत खेतों में बोई गई फसलों का डिजिटल माध्यम से सर्वेक्षण किया। संबंधित अधिकारी को सर्वे कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डिजिटल क्रॉप सर्वे का उद्देश्य खेतों में बोई गई फसलों का सही एवं पारदर्शी डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना है। सर्वेक्षण के दौरान फसल, खेत तथा संबंधित विवरण को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दर्ज किया जाए, ताकि भविष्य में किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कृषि संबंधी सेवाओं का लाभ पहुंचाने में सुविधा हो।

पार्क हॉस्पिटल ने 100 से अधिक सफल वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी कीं : डॉ. संकल्प शर्मा

चंडीगढ़, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

शनिवार को यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पार्क हॉस्पिटल, मोहाली के डॉक्टरों की टीम, डायरेक्टर -सीटीवीएस डॉ. सिद्धार्थ गर्ग, एसोसिएट डायरेक्टर-कार्डिएक एनेस्थीसिया डॉ. अर्जुन जोशी, एसोसिएट डायरेक्टर-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी डॉ. संकल्प शर्मा और सीनियर कंसलटेंट-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी डॉ. सचिन बंसल ने कार्डियक केयर प्रबंधन पर प्रकाश डाला।

पार्क ने एक समर्पित 'हार्ट वाल्व क्लिनिक' शुरू करने की भी घोषणा की। क्लीनिक में हर शनिवार को मुफ्त ईको स्क्रीनिंग और आईएनआर टेस्ट उपलब्ध रहेगा, ताकि शुरुआती चरण में ही वाल्व के मरीजों की पहचान की जा सके और उन्हें सर्वोत्तम उपचार का विकल्प प्रदान किया जा सके। पार्क हॉस्पिटल पिछले 6 महीनों में पहले ही 100 सफल वाल्व सर्जरी कर चुका है।



एसोसिएट डायरेक्टर-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी डॉ. संकल्प शर्मा ने कहा, 'हालिया आंकड़ों के अनुसार, शहरी आबादी का लगभग 30 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली 15 प्रतिशत आबादी हाई बीपी और हार्ट अटैक से पीड़ित है।'

सीनियर कंसलटेंट-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी डॉ. सचिन बंसल ने कहा कि जैसे-जैसे हृदय रोगों के जोखिम कारक बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे मृत्यु दर भी बढ़ रही है। एसोसिएट डायरेक्टर-कार्डिएक एनेस्थीसिया डॉ. अर्जुन जोशी ने कहा, 'टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित मरीजों में सामान्य आबादी की तुलना में हृदय रोग का खतरा 2 से 3 गुना अधिक होता है। भारत में वर्तमान में 100 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित हैं और 2035 तक यह संख्या बढ़कर 135 मिलियन होने की उम्मीद है।'

डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए प्रिवेंटिव हेल्थ केयर पर तुरंत जोर देने की आवश्यकता है। इसमें बीमारी और इसके जोखिम कारकों के बारे में जागरूकता बढ़ाना शामिल है। बड़े पैमाने पर जागरूकता पैदा करने के लिए सार्वजनिक शिक्षा कार्यक्रम, कार्यशालाएं और परामर्श सत्र आयोजित किए जाने चाहिए।

फेज 7 और फेज 1 में स्थित स्कूटर-मोटर मार्केट तबदील करे प्रशासन : परमजीत सिंह काहलों

एस.ए.एस. नगर, 25 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

फेज 7 (वार्ड नंबर 10) के कौंसलर श्री परमजीत सिंह काहलों ने मांग की है कि फेज 7 और फेज 1 में स्थित स्कूटर-मोटर मार्केट को तबदील किया जाए। इस संबंध में श्री काहलों की अगुवाई में निवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा गमाडा दफ्तर में शहरी विकास विभाग के सचिव को मिल कर मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र भी दिया गया है।

पत्र में कहा गया है कि फेज-7 और फेज-1 में स्थित स्कूटर/ मोटर मार्केट के दुकानदारों और मैकेनिकों को सेक्टर-65, मोहाली में दुकानें अलाट करने संबंधी एल. ओ. आई. जारी किए को एक साल से अधिक समय हो चुका है, परंतु इन दुकानदारों और मैकेनिकों को न तो दुकानें अलाट की गई हैं और न ही दुकानों का कब्जा दिया जा रहा है जिस कारण स्कूटर और मोटर मार्केट को तबदील करने का काम बीच में ही लटक रहा है।

पत्र में कहा गया है कि इस कारण स्कूटर और मोटर मार्केट के आस-पास ट्रैफिक की बहुत समस्या आती है, क्योंकि मार्केट में जगहों की तंगी होने के कारण मैकेनिक सड़कों पर व्हीकल खड़े करके रिपेयर करते हैं और अब ये मैकेनिक नजदीकी घरों के सामने सड़कों के ऊपर आ कर रिपेयर करने लग गए हैं, जिस कारण मोहल्ला निवासियों और आने-जाने वाली पब्लिक के लिए समस्या आती है। पत्र में कहा गया है कि इसके अलावा फेज-7 में 2-3 स्कूल हैं, जिस कारण सुबह और दोपहर स्कूलों की छुट्टी के समय जाम भयंकर रूप धारण कर लेता है और कई बार पुलिस को भी बुलाना पड़ जाता है।

पत्र में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों मोहाली को जरूरी निर्देश जारी किए जाएं कि स्कूटर और मोटर मार्केट के दुकानदारों और मैकेनिकों को बूथों के अलाटमेंट पत्र जारी किए जाएं और इन्हें तुरंत यहाँ से तबदील किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में अन्य के अलावा सेवा-निवृत्त एक्सईएन निर्मलजीत सिंह, निरवैर सिंह और अंकुश गुप्ता भी हाजिर थे। श्री काहलों ने बताया कि शहरी विकास विभाग के सचिव द्वारा उन्हें भरोसा दिया गया है कि वे इस संबंधी जरूरी कार्रवाई को सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि पत्र की कॉपियां हलका विधायक स. कुलवंत सिंह और गमाडा के मुख्य प्रशासक को भी भेजी गई हैं।

एक्यूट इस्केमिक ब्रेन स्ट्रोक से पीड़ित सोलन की महिला को नई जिंदगी मिली

सोलन, 26 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

एक्यूट इस्केमिक ब्रेन स्ट्रोक से पीड़ित सोलन की 54 वर्षीय महिला को लिवासा अस्पताल, मोहाली में सफल एडवांस्ड मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी से नई ज़िंदगी मिली।

शनिवार को सोलन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए डायरेक्टर-न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन और हेड न्यूरो-इंटरवेंशन- लिवासा अस्पताल मोहाली, डॉ. विनीत सग्गर ने बताया कि मरीज को स्ट्रोक के लक्षणों के साथ लाया गया था।

डॉ. सग्गर ने बताया कि विस्तृत इमेजिंग जांच से मस्तिष्क को रक्त आपूर्ति करने वाली एक प्रमुख ब्लड वेसल में भारी रुकावट का पता चला। स्ट्रोक की गंभीरता और मरीज की नैदानिक स्थिति को देखते हुए, मेडिकल टीम ने मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी की प्रक्रिया शुरू की। यह एक कम चीर-फाड़ वाली प्रक्रिया है, जिसमें रक्त वाहिकाओं के माध्यम से एक विशेष उपकरण को मस्तिष्क तक पहुंचाकर रक्त प्रवाह को बाधित करने वाले क्लॉट को बाहर निकाला जाता है।

क्लॉट को सफलतापूर्वक हटाने से मस्तिष्क के प्रभावित हिस्से में रक्त प्रवाह बहाल हो गया, जिसके बाद कुछ ही घंटों के भीतर मरीज के बोलने और चलने-फिरने की क्षमता में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया।



डॉ. सग्गर ने बताया कि मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी ने बड़ी रक्त वाहिकाओं में रुकावट वाले चुनिंदा स्ट्रोक मरीजों के इलाज में क्रांतिकारी बदलाव किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी है जहां हर एक मिनट महत्वपूर्ण होता है। लक्षणों की समय पर पहचान, त्वरित इमेजिंग और उपयुक्त सुविधाओं वाले स्ट्रोक सेंटर में तुरंत रेफर करने से मरीज के ठीक होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। डॉ. सग्गर ने 'नमस्ते' प्रोटोकॉल के बारे में भी जानकारी दी, जो स्ट्रोक पहचानने का एक सरल और व्यावहारिक तरीका है। इसे परिवारों और आसपास मौजूद लोगों को स्ट्रोक के संभावित लक्षणों को जल्दी पहचानने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

'नमस्ते' की भारतीय परंपरा से प्रेरणा लेते हुए, यह तरीका लोगों को कुछ सरल क्रियाओं के माध्यम से प्रमुख न्यूरोलॉजिकल कार्यों पर नज़र रखने के लिए प्रोत्साहित करता है-जैसे कि दोनों हाथ जोड़ना, मुस्कुराना और बोलना, बाएं-दाएं देखना और सीधे खड़े होना। डॉ. सग्गर ने बताया कि इनमें से किसी भी क्रिया को करने में परेशानी होना-जैसे एक हाथ का नीचे गिरना, चेहरे का टेढ़ा होना, बोली का लड़खड़ाना, आंखों की असामान्य गतिविधि या संतुलन बिगड़ना-को ब्रेन स्ट्रोक चेतावनी का संकेत माना जाना चाहिए और तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए।

बिजली सब्सिडी देने से इनकारी पंजाब सरकार छुपे ढंग से वसूल रही है उपभोक्ताओं से पूरे बिजली बिल

खरड़, 25 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब सरकार द्वारा भले ही बिजली उपभोक्ताओं को 300 यूनिट प्रति महीना से कम उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के बिजली बिल माफ करने का दावा किया गया है और इस संबंध में सरकार के कार्यकाल के शुरुआती सालों के दौरान यह सुविधा मिलती भी रही है परंतु अब आर्थिक तंगी की मार के अधीन आई सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली सब्सिडी देने की जगह उनसे छुपे तरीके से बिजली की पूरी रकम वसूली जा रही है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि पंजाब राज्य बिजली बोर्ड द्वारा इस कार्रवाई को पिछले समय के दौरान चली मीटर रीडरों की हड़ताल की आड़ ले कर चलाया जा रहा है। इस संबंध में शिवालिक सिटी खरड़ के वासियों ने बताया कि पिछले एक साल से उनको एवरेज के आधार पर बिजली के बिल भेजे जा रहे थे और पिछले दिनों बिजली विभाग के मीटर रीडर द्वारा बिजली के

- **मीटर रीडरों की हड़ताल की आड़ ले कर एक साल की रीडिंग के अनुसार वसूले जा रहे हैं बिल, उपभोक्ताओं की नहीं हो रही सुनवाई**

मीटर की रीडिंग के आधार पर एक साल (सितंबर 2025 से सितंबर 2026) तक के बिल जारी किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इन नए बिलों में मीटर की नई रीडिंग के आधार पर बिल की रकम बना कर, उनके द्वारा पिछले समय के दौरान आए बिलों की रकम काट कर बकाया रकम के बिल मांगे गए हैं और इसमें से जिन महीनों के दौरान बिजली की लागत कम होने के कारण बिजली बिल जीरो होता था, उन महीनों के दौरान इस्तेमाल की गई बिजली के बिल भी जोड़ दिए गए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब वे इस संबंध में बिजली विभाग में संपर्क करते हैं तो उनको बिजली मंत्री द्वारा जारी नंबरों 0161-3105055 और 0161-6650355 पर संपर्क करने के लिए कहा जाता है। उक्त नंबरों पर उनकी शिकायत भी ली जाती है परंतु फिर उनको मैसेज आ जाता है कि उनका बिल ठीक है और वे यह बिल जमा करवाएं। उपभोक्ताओं की मांग है कि अगर बिजली विभाग ने एक साल की रीडिंग के आधार पर बिल लेना है तो इसमें से सब्सिडी की रकम कम की जाए। इसके लिए उपभोक्ताओं द्वारा 2024 के आखिरी और 2025 के शुरुआती महीनों के दौरान जो बिल आए थे, उसकी एवरेज के आधार पर उपभोक्ताओं को बिजली की सब्सिडी जारी करके नए सिरे से बिल बनाए जाएं। इस संबंध में यूथ वेलफेयर बोर्ड पंजाब के चेयरमैन और आम आदमी पार्टी के हलका खरड़ के इंचार्ज श्री परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि यह समस्या उनकी जानकारी में है और वे इस संबंध में उपभोक्ताओं को उनकी सब्सिडी की बनती रकम दिलवाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में खरड़ के एक्सईएन दफ्तर में हर शनिवार को कैंप लगा कर उपभोक्ताओं की मुश्किलें सुनी जा रही हैं और उनको मौके पर ही हल किया जा रहा है।

पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक भलाई योजनाएं पहले की तरह ही रहेंगी लागू : कुलवंत सिंह

एस.ए.एस. नगर, 25 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

हलका विधायक श्री कुलवंत सिंह ने कहा है कि पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक भलाई योजनाएं पहले की तरह ही जारी रहेंगी। पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत फेज-5, गांव कंडाला और एरोसिटी से श्री अमृतसर साहिब के लिए श्रद्धालुओं के जत्थों को रवाना करने मौके उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत पंजाब भर के बड़ी संख्या में सीनियर सिटीजन श्री अमृतसर साहिब में स्थित श्री दरबार साहिब, श्री दुर्गियाना मंदिर, राम तीर्थ वाल्मीकि मंदिर, वाघा बॉर्डर और जलियांवाला बाग के दर्शन कर रहे हैं वहीं साथ ही खाटूश्याम, सालासर, वृंदावन, हरिद्वार के दर्शनों के लिए भी रोजाना बसें रवाना हो रही हैं। इस मौके पर उनके द्वारा तीनों बसों को हरी झंडी दिखा कर बसों को रवाना किया गया।

- **मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 3 बसों को दिखाई हरी झंडी**

श्री कुलवंत सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा खेल जगत में बड़ा रोल निभाया जा रहा है और आज पंजाब में 14 साल से 70 साल तक उम्र वर्ग के खिलाड़ी इकट्ठे ही खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नौजवान वर्ग को तंदुरुस्त बनाने के लिए पंजाब में बड़े स्तर पर नए खेल स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से कईयों को तैयार करने के बाद खेल प्रेमियों के सुपुर्द किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जिस भी खिलाड़ी को खेल के लिए किसी भी सामान की जरूरत होगी, उसे हर-हिले समय पर मुहैया करवाया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के हलका कोऑर्डिनेटर फूलराज सिंह, आम आदमी पार्टी के सीनियर नेता कुलदीप सिंह समाना, जिला योजना बोर्ड की चेयरपर्सन इंजीनियर प्रभजोत कौर, आप नेता अनू बब्बर, मोहाली नगर निगम के डिप्टी मेयर हरपाल सिंह चन्ना, अमरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह सरपंच कंडाला, राकेश ग्रोवर, हरजीत सिंह रुड़का, दविंदर सिंह नडियाली, प्रगट सिंह रायपुर कला, बलजीत सिंह हैप्पी भी हाजिर थे।

चंडीगढ़ में कांग्रेस पार्टी द्वारा मुख्य चुनाव कमिश्नर के खिलाफ दिए धरने में समर्थकों समेत शामिल हुए पहलवान गिल

एस.ए.एस. नगर, 25 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब कांग्रेस द्वारा आज चंडीगढ़ में चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर भारत के मुख्य चुनाव कमिश्नर के खिलाफ दिए गए धरने के दौरान राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कांग्रेस के जिला मोहाली के प्रधान पहलवान अमरजीत सिंह गिल द्वारा साथियों समेत शमूलियत की गई। पहलवान गिल ने बताया कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सूबा कांग्रेस द्वारा राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कांग्रेस के सहयोग से चंडीगढ़ सेक्टर 17 में देश के मुख्य चुनाव कमिश्नर ज्ञानेश्वर कुमार के खिलाफ धरना दे कर नारेबाजी की गई और मुख्य चुनाव कमिश्नर का पुतला फूंका गया। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कांग्रेस के सूबा चेयरमैन एडवोकेट जसप्रीत सिंह की अगुवाई में संगठन के सभी पदाधिकारियों द्वारा इस रोष प्रदर्शन में शिरकत की गई और देश के मुख्य चुनाव आयोग का पुतला जला कर उसके विरुद्ध मामला दर्ज करके गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव कमिश्नर ज्ञानेश कुमार देश में विशेष वोटर सूचियों की विशेष तीव्र समीक्षा (एस आई आर) के जरिए वोटरों की वोटें काट कर विभिन्न प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनाने के लिए काम कर रहे हैं, जिसकी मिसाल प्रदेश के 20 लाख वोटरों की वोटें काटने से मिलती है।

आर.बी.आई. द्वारा भभात स्कूल में ई बात प्रोग्राम का आयोजन

जीरकपुर, 25 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारतीय रिजर्व बैंक चंडीगढ़ द्वारा सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भभात (दौलत सिंह वाला) में ई-बात जागरूकता प्रोग्राम करवाया गया। इस मौके पर आर बी आई से श्री मनीष और मैडम नम्रता, श्री एम के भारद्वाज, एल डी एम मोहाली, श्री रोहताश कुमार ब्रांच मैनेजर पी एन बी भभात ब्रांच द्वारा शमूलियत की गई। प्रोग्राम के दौरान एल डी एम मोहाली श्री एम के भारद्वाज ने स्कूल के विद्यार्थियों के साथ नवीनतम बैंकिंग जागरूकता के बारे में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने स्मार्टफोन से कोई भी वित्तीय लेन-देन करते समय सचेत और जागरूक रहने की सलाह भी दी। आर बी आई से श्री मनीष कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न वित्तीय जागरूकता संकल्पों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी से अपने आप को सुरक्षित रखने समेत नवीनतम वित्तीय शब्दों के बारे में बताया।

टेक्निकल सर्विसेज यूनियन की अलग अलग सब डिवीजन इकाइयों की चुनाव

एस ए एस नगर, 25 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

टेक्निकल सर्विसेज यूनियन (रजि. 49) के अधीन आती सब डिवीजनों टेक्निकल-1-2-3 की सब यूनिटों की जत्थेबंदक चुनाव सर्कल कमेटी मोहाली की निगरानी में मुकम्मल की गई। इस मौके पर सर्वसम्मति से की गई चुनाव के दौरान सब डिवीजन टेक्निकल-1 पदाधिकारियों में राधे श्याम लाइनमैन को प्रधान, सिद्धार्थ कुमार ए. एल. एम. को उप प्रधान, लखविंदर सिंह लाइनमैन को सचिव, सौदागर सिंह लाइनमैन को सहायक सचिव और बलविंदर सिंह लाइनमैन को कैशियर चुना गया। इस मौके पर सब डिवीजन टेक्निकल-2 मोहाली के पदाधिकारियों में जसपाल सिंह लाइनमैन को प्रधान, सुखजिंदर सिंह लाइनमैन को उप प्रधान, गुरप्रीत सिंह लाइनमैन को सचिव, गोपाल बहादुर लाइनमैन को सहायक सचिव और भगवंत सिंह ए. एल. एम. को कैशियर चुना गया। सब डिवीजन टेक्निकल-3 मोहाली के पदाधिकारियों में जगजीत सिंह लाइनमैन को प्रधान, कुलजिंदर सिंह लाइनमैन को उप प्रधान, रमनदीप सिंह लाइनमैन को सचिव, रजिंदर गिर लाइनमैन को सहायक सचिव और सरबजीत सिंह लाइनमैन को कैशियर चुना गया है। इस इजलास को जतिंदर सिंह, गुरबख्श सिंह सर्कल प्रधान, लक्खा सिंह कन्वीनर, रजिंदर सिंह, विजय कुमार, अजीत सिंह डिवी: सचिव ने संबोधन करके नई चुनी गई कमेटियों को बधाई दी और आने वाले संघर्षों को लामबंद किया गया।

`पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत